
आज़ादी का
अमृत महोत्सव




# साप्ताहिक
# सूचना पत्र

(दिनांक 24.01.2022 से 29.01.2022)



भारतीय जनता पार्टी
हरियाणा



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## हरियाणा में चल रहे 100 करोड़ से ऊपर के सभी बड़े प्रोजेक्ट्स की समीक्षा

(दिनांक 24.01.22)



**विषय: हरियाणा में चल रहे 100 करोड़ से ऊपर के सभी बड़े प्रोजेक्ट्स की समीक्षा।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने हरियाणा के विकास की दृष्टि से सभी बड़े प्रोजेक्ट की अधिकारियों के साथ समीक्षा की और उनमें आ रही दिक्कतों को दूर कर उन्हें जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश भी दिए। बैठक में छह प्रमुख विभागों की 100 करोड़ रुपये से अधिक की 21 महत्वपूर्ण परियोजनाओं की समीक्षा की गई। इस अवसर पर मननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सभी प्रशासनिक सचिव यह सुनिष्चित करे कि प्रत्येक परियोजना का पीईआरटी चार्ट तैयार हो और और उसकी लगातार समीक्षा हो। इसके साथ ही माननीय मुख्यमंत्री जी ने परियोजनाओं के समयबद्ध निष्पादन सुनिष्चित करने के निर्देश दिए, ताकि आमजन इन जनकल्याणकारी परियोजनाओं से लाभान्वित हो सकें। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हरियाणा का समग्र विकास सुनिष्चित करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसलिए सभी चल रही परियोजनाओं के लिए परियोजना मूल्यांकन और समीक्षा तकनीक (पीईआरटी) चार्ट बनाया जाना चाहिए ताकि समयावधि, पूर्ण प्रतिशत और अपेक्षित उद्घाटन तिथि की स्थिति स्पष्ट हो सके।


## RTI पोर्टल का शुभारंभ

(दिनांक 24.01.22)



**विषय: RTI पोर्टल का शुभारंभ।**

**प्रभाव:** मुख्यमंत्री जी ने आज सरकारी कार्यालयों की कार्यप्रणाली को और अधिक डिजिटलाइजेशन करने की मुहिम में एक और अध्याय जोड़ दिया। जिसके तहत माननीय मुख्यमंत्री जी ने सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत सूचना प्राप्त करने वालों के लिए पॉयलट प्रौजेक्ट के



# साप्ताहिक सूचना पत्र

रूप में ऑनलाइन आरटीआई पोर्टल को लांच किया।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि इस ऑनलाइन आरटीआई पोर्टल आरम्भ करने का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के डिजिटल इंडिया अभियान को आगे बढ़ाना है।

इस पोर्टल पर प्रथम अपील के रूप में एसपीआईओ द्वारा जानकारी डाली जाएगी तथा द्वितीय अपील के रूप में राज्य सूचना आयुक्त कार्यालय द्वारा सुनवाई की जाएगी। पॉयलट प्रौजेक्ट के रूप में इस पोर्टल को मुख्य सचिव कार्यालय तथा हरियाणा राज्य सूचना आयुक्त कार्यालय से जोड़ा गया है। कोई भी व्यक्ति पोर्टल http://rtiharyana-gov-in पर लॉग इन कर अपना पंजीकरण कर सकता है तथा इसके लिए उसके मोबाइल पर ओटीपी आएगा। किसी भी विभाग से सूचना प्राप्त करने के लिए वह अपनी जानकारी इस पोर्टल पर डाल सकता है और सम्बंधित विभाग के राज्य जन सूचना अधिकारी (एसपीआईओ) द्वारा मांगी गई सूचना को ऑनलाइन ही पोर्टल पर अपलोड किया जाएगी।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने इस अवसर पर कहा कि इससे न केवल विभागो की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता आएगी बल्कि साथ ही साथ अधिकाररियों कि लोगो के प्रति जवाबदेही और जिम्मेदारी भी बढ़ेगी।


## बाढ़ नियंत्रण बोर्ड की बैठक

(दिनांक 24.01.22)



**विषय: बाढ़ नियंत्रण बोर्ड की बैठक।**

**प्रभाव:** माननीय मुख्यमंत्री जी जे आज चंडीगढ स्थित हरियाणा निवास में आने वाले समय में बाढ़ के संभावित खतरों और पानी की निकासी के लिए विस्तृत योजना बनाने के संबंध में सभी संबंधित अधिकाररियों के साथ बैठक की।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि गाँवों में जल भराव की समस्या एक गंभीर समस्या है इससे न केवल फ़सल को नुकसान होता है बल्कि किसान की ज़मीन को भी नुकसान होता है इस समस्या से निपटने के लिए हर संभव प्रयास करने की जरूरत है और उसी के तहत आज 320 योजनाओं के लिए 494 करोड़ रुपये की राशि और खेतों में खड़े पानी की निकासी और पानी के दोबारा इस्तेमाल के लिए 221 करोड़ रुपये की योजना को मंजूरी प्रदान की गई है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि इस वर्ष बरसात के पानी को दोबारा उपयोग में लाने के लिए ज्यादा योजनाओं के क्रियान्वन पर जोर दिया गया है। इससे बाढ़ की स्थिति से निपटने के साथ–साथ ग्राउंड वाटर रिजार्जिंग व सूखे क्षेत्रों में इस पानी का सदुपयोग किया जा सकेगा। इसके साथ ही मुख्यमंत्री जी ने कहा कि पिछले सालों में मई महीने के दौरान बाढ़ नियंत्रण एवं सूखा राहत बोर्ड की बैठक होती थी। वर्तमान सरकार ने इस बैठक को साल में जनवरी व मई महीने में दो बार करने का निर्णय लिया है, ताकि मई महीने के दौरान किए गए कार्यों की वर्षा से पहले समीक्षा की जा सके।

सरकार द्वारा पिछले वर्ष क्रियान्वित योजनाओं का फायदा यमुना क्षेत्र में अब देखने को मिला है। पहली बार बारिश के दिनों में यमुना के क्षेत्र में बाढ़ का पानी नहीं भरा। उन्होंने कहा कि जल भराव से फसलों में नुकसान होने से भिवानी, रोहतक, झज्जर, हिसार व सोनीपत जैसे जिलों में 650 करोड़ रुपये का मुआवजा दिया जाना है। इसे ध्यान में रखते हुए अब जिन क्षेत्रों में हर वर्ष जल भराव की समस्या रहती है, उन क्षेत्रों के लिए विशेष रूप से योजना बनाई जा रही हैं। इसके अलावा अम्बाला व बरवाला शहर को जलभराव से मुक्त करने के लिए जन स्वास्थ्य विभाग की 45 करोड़ रुपये की दो परियोजनाओं को भी स्वीकृति प्रदान की गई है।


## इग्नू के क्षेत्रीय केंद्र का उद्घाटन

(दिनांक 24.01.22)




**विषय: इग्नू के क्षेत्रीय केंद्र का उद्घाटन।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने वीडियो कॉन्फॉरेन्स के माध्यम से इग्नू क्षेत्रीय केंद्र, करनाल के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी जे कहा कि इग्नू के माध्यम से प्रदेश के हजारों विद्यार्थियों को लाभ होगा। आज भी इग्नू अपने 67 क्षेत्रीय केन्द्रो की मदद से शिक्षार्थियों तक उच्च शिक्षा पहुंचाने का कार्य कर रहा है। सुदूर गांव तक शिक्षा प्रदान करने में इग्नू महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इग्नू क्षेत्रीय केंद्र, करनाल वर्ष 1991 में मात्र 9 शिक्षार्थी





केन्द्रों और 3200 छात्रों के साथ शुरू हुआ था और आज 35 शिक्षार्थी केन्द्रों, जिसमे 12 कारागृह स्थित अध्ययन केंद्र भी शामिल है, में 99 हजार से भी ज्यादा छात्र शिक्षा ले रहे हैं।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में तैयार की गई राष्ट्रीय शिक्षा नीति गांव और षहर के साधारण छात्रों को भी दुनिया के शिखर तक पहुंचाने का सामर्थ्य रखती है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति की देशभर में सराहना की जा रही है। यह ज्ञान, विज्ञान अनुसंधान, सामाजिक विज्ञान प्रौद्योगिकी और नवाचार से वैश्विक प्रतिस्पर्धा में अपना आधार बढ़ाने के लिए सक्षम है। मुझे पूर्ण विश्वास है की इस क्षेत्रीय केंद्र को अपना भवन मिलने से इग्नू और भी सशक्त होगा और उच्च शिक्षा के द्वार खुलेंगे।

## TCP (टाउन एंड कंट्री) विभाग की बैठक

(दिनांक 25.01.22)

**विषय: TCP (टाउन एंड कंट्री) विभाग की बैठक।**

**प्रभाव:** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज TCP के अधिकारियों के साथ बैठक कर हरियाणा के विकास और आने वाले समय की चुनोतियों और आवष्यकताओं को ध्यान में रखते हुए रोडमैप तैयार करने और 2041 के लिए नए मास्टरप्लान पर विस्तृत योजना बनाने के निर्देश अधिकाररियों को दिए। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हमें समय की जरूरतों को ध्यान में रखकर चलना होगा और उसी के अनुरूप अपने शहरों का विकास भी करना होगा।

इसी को ध्यान में रखकर हम 2041 का मास्टर प्लान तैयार करे जिसमें न केवल विकसित हरियाणा की परिकल्पना अहो बल्कि हरियाणा के लोगो का जीवन कैसे बेहतर हो, उन्हें रोजगार के अवसर उपलब्ध हो सके इन बातों पर भी सोचना होगा।


मास्टर प्लान को तैयार करने सके बाद उसे आम जनता के बीच रखकर उनसे भी सुझाव लेने के निर्देश माननीय मुख्यमंत्री जी ने बैठक के दौरान अधिकारियों को दिए।

## विधायकों से मुलाक़ात

(दिनांक 25.01.22)

**विषय: विधायकों से मुलाक़ात।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने चण्डीगढ़ स्थित अपने आवास पर विभिन्न हल्कों के विधायकों से भेंट कर उनकी समस्याओं को सुना और उनका निराकरण किया। साथ ही माननीय मुख्यमंत्री जी ने सभी विधायकों से अपने अपने क्षेत्रों में जनता तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुँचाने और ज्यादा से ज्यादा लोगो को सरकार की योजनाओं से अवगत करवाने का प्रयास करने को भेज कहा।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## गणतंत्र दिवस समारोह

(दिनांक 26.01.22)





**विषय: गणतंत्र दिवस समारोह।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने 73 वे गणतंत्र दिवस के अवसर पर अंबाला में राष्ट्रीय ध्वज फहराया और सलामी ली। इसके पहले माननीय मुख्यमंत्री जी ने शहीद स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि भी अर्पित की।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने सभी प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके लिए गणतंत्र के मायने अंतिम व्यक्ति तक सरकारी सुविधाओं और योजनाओं का लाभ पहुँचाना है।

अंतिम व्यक्ति का उदय ही उनकी प्राथमिकता है। और असली गणतंत्र अंतिम व्यक्ति का उदय ही है।

इसके साथ ही माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आज के इस पावन अवसर पर हम अपनी महान सांस्कृतिक परंपराओं और नैतिक मूल्यों पर चलते हुए राष्ट्र और हरियाणा को स्वच्छ, स्वस्थ और खुशहाल बनाने के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लेने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने 2024 तक हर हाथ को काम देकर प्रदेश को बेरोजगारी मुक्त बनाने का भी संकल्प लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए कहा कि आज हम 73वां गणतंत्र दिवस मना रहे हैं। इस पावन पर्व पर आजादी के आंदोलन में त्याग, तप और बलिदान देने वाले ज्ञात–अज्ञात शहीदों को नमन करते हैं। सन् 1950 में आज ही के दिन हमारा संविधान लागू हुआ और भारत को विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश बनने का गौरव हासिल हुआ। भारतीय संविधान हर भारतीय नागरिक की आत्मा की आवाज है। आज हम आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे




# साप्ताहिक सूचना पत्र

हैं, इस दौरान हमने उल्लेखनीय प्रगति की है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हरियाणा गीता की धरती ही नहीं बल्कि इस धरा में राष्ट्र भक्ति और देश सेवा का भी जुनून है। राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित हुई गणतंत्र दिवस की झांकी में हरियाणा के इस जुनून का प्रदर्शन दिखाई दिया है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री जी ने सभी प्रदेशवासियों से देश और प्रदेश को आगे ले जाने के लिए पूरी निष्ठा से लगने और कार्य करने का भी आव्हान किया।

## ग्राम संरक्षक योजना के तहत् लगाए गए क्लास 1 अधिकाररियों से संवाद


(दिनांक 25.01.22)

**विषय: ग्राम संरक्षक योजना के तहत लगाए गए क्लास 1 अधिकाररियों से संवाद।**



**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने ग्राम संरक्षक योजना के तहत हरियाणा के हर गावँ के लिए संरक्षक के रूप में लगाए गए क्लास 1 अधिकाररियों के साथ सीधा संवाद किया। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सभी अधिकारी ग्राम संरक्षक बन समाज के प्रति अपना दायित्व निभाएं। मुख्यमंत्री जी ने कहा, अधिकारी का मतलब है अधिक काम करने वाला, इसलिए ड्यूटी से अलावा समाज के प्रति भी अपना कर्तव्य निभाएँ। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की अंत्योदय की भावना के तहत अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे जनहित की योजनाओं का लाभ यही हमारा प्रयास होना चाहिए।

साथ ही इस योजना से जुड़ने के लिए सभी अधिकारीयों को www-intrahry-gov-in/ पोर्टल पर स्वयं को रजिस्टर्ड करने के लिए भी कहा। इसके साथ ही मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने गांव व वार्ड स्तर पर लोगों की समस्याओं के समाधान व गांवों में व्यवस्थागत व ढांचागत विकास के उद्देष्य से ग्राम संरक्षक कार्यक्रम की शुरूआत की है, जिसमें प्रदेश सरकार के प्रथम श्रेणी स्तर के अधिकारी ग्राम संरक्षक बनेंगे। वे गांवों के विकास के संबंध में मुख्य बिंदुओं को नोट कर उसकी जानकारी जिला प्रशासन व सरकार तक पहुंचाना सुनिष्चित करेंगे। इससे अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं व कार्यक्रमों का लाभ पहुंचाना सरल होगा और जो कमियां होंगी, उनका त्वरित समाधान संभव होगा। यह कार्य ड्यूटी के समय छोड़कर अन्य समय में करना है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता व गणतंत्र दिवस हमारे राष्ट्रीय पर्व हैं। आज के दिन हमें देश व समाज के



# साप्ताहिक सूचना पत्र

विकास के बारे में भी सोचना चाहिए। ग्राम संरक्षकों से संवाद का मकसद यही है कि सभी समाज के प्रति जवाबदेह बनते हुए उनकी भलाई के लिए कार्य करने के लिए स्वयं को मोटिवेड करें और इस कार्यक्रम से जुड़ें।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि समाज ने सभी को बहुत कुछ दिया है। एक अधिकारी के रूप में सभी का दायित्व है कि वे समाज के प्रति अपने दायित्व को समझें और उसकी भलाई के लिए कार्य करें।

इस योजना के तहत सब्जी एडीसी को जिला स्तर पर नोडल अधिकारी बनाया गया है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि ग्राम संरक्षक कार्यक्रम से ग्राम स्तर पर चल रहे विकास कार्यों व योजनााओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता आएगी और भ्रष्टाचार की संभावनाएं भी नहीं रहेंगी। जनता को योजनाओं का लाभ त्वरित मिलना संभव होगा। हरियाणा में 6700 गांव हैं तथा करीब 2 हजार वार्ड हैं। अगर सभी प्रथम श्रेणी स्तर के अधिकारी एक–एक गांव व वार्ड के संरक्षक बनेंगे तो अधिकारियों की संख्या के हिसाब से हर गांव व वार्ड को कवर किया जा सकता है।


## CM अनाउंसमेन्ट की समीक्षा

(दिनांक 27.01.22)



**विषय: CM अनाउंसमेन्ट की समीक्षा।**

**प्रभाव:** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज सीएम घोशणाओं के क्रियान्वयन के संबंध में प्रशासनिक सचिवों के साथ बैठक कर संबंधित अधिकारियों को प्रत्येक परियोजना के क्रियान्वयन में तेजी लाने के साथ–साथ उन परियोजनाओं की व्यवहार्यता पर तुरंत अध्ययन करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री जी ने सीएम घोशणाओं के तहत पांच विभागों की विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा की। इनमें लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें), विकास एवं पंचायत, कृषि एवं किसान कल्याण, सिंचाई और खेल विभाग शामिल हैं।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

मुख्यमंत्री जी ने निर्देश दिए कि परियोजनाओं का आवष्यक अध्ययन करने के बाद, ऐसी परियोजनाओं की एक अलग सूची तैयार की जानी चाहिए जो अभी संभव नहीं हैं, ताकि लंबित घोषणाओं की वास्तविक संख्या का पता लग सके।

साथ ही मुख्यमंत्री जी ने यह भी निर्देश दिये कि जिन परियोजनाओं के लिए रेलवे से अनुमोदन की आवष्यकता है, ऐसी सभी परियोजनाओं के लिए हरियाणा रेल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचआरआईडीसी) से समन्वय स्थापित करें और आवष्यक हो तो ऐसी परियोजनाओं को एचआरआईडीसी को भेजा जाए।

उन्होंने कहा कि सीएम घोषणाओं के तहत क्रियान्वित की जा रही प्रत्येक परियोजना का कार्य पूर्ण होते ही संबंधित अधिकारी उसकी समीक्षा कर स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी सूचित करें। इसके अलावा, जिन परियोजनाओं में भूमि खरीद करने की आवष्यकता है, उसके लिए भूमि की खरीद दरों के बारे में गहन अध्ययन करने के बाद ई–भूमि पोर्टल के माध्यम से ही की जानी चाहिए और इस कार्य के लिए जनप्रतिनिधियों के साथ भी समन्वय स्थापित किया जाना चाहिए।

वर्श 2014–2021 के बीच कुल 8315 सीएम घोषणाएं की गई हैं, जिनमें से 5744 घोषणाओं पर काम पूरा हो चुका है, जो लगभग 73 प्रतिशत है और 1527 अभी प्रगति पर हैं । 360 संभव नहीं है और 687 अभी लंबित हैं।

## राज्य सूचना आयुक्तों का शपथ ग्रहण समारोह


(दिनांक 28.01.22)





**विषय: राज्य सूचना आयुक्तों का शपथ ग्रहण समारोह।**

**प्रभाव:** आज चंडीगढ़ स्थित हरियाणा निवास पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने 2 नवनियुक्त हरियाणा राज्य सूचना आयुक्तों को शपथ दिलाई। इनमें श्रीमति ज्योति अरोड़ा और श्री पंकज मेहता ने शामिल है। हरियाणा निवास पर आयोजित समारोह में दोनों नवनियुक्त राज्य सूचना आयुक्तों ने हिंदी में शपथ ली।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## जिला अध्यक्षों के साथ बैठक

(दिनांक 29.01.22)

**विषय: जिला अध्यक्षों के साथ बैठक।**



**प्रभाव:** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज गुरुग्राम में पाँच जिला अध्यक्षों (नूह, महेन्द्रगढ़, रोहतक, चरखीदादरी, रेवाड़ी) के साथ बैठक कर ज़िले में चल रहे विकास के कार्यों और योजनाओं की जानकारी ली।


इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने सभी जिला अध्यक्षों से सरकारी योजनाओं को समाज के अंतिम और जरूरतमंद लोगो तक ले जाने, परिवार पहचान पत्र के तहत किये जा रहे सर्वे को जल्द से जल्द पूरा करने और पार्टी कार्यलयों के निर्माण कार्य को पूरा कर उन्हें शुरू करने के निर्देश भी दिए। कोरोना के तहत माननीय मुख्यमंत्री जी जिलों के दौर पर न जाने के कारण जिला अध्यक्षों और पार्टी पदाधिकारियों से छोटे छोटे समूहों में ही मुलाक़ात कर रहे और लगातार जुड़े हुए है।

## युवाओं से संवाद

(दिनांक 30.01.22)

**विषय: युवाओं से संवाद।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जज ने 92.7 बिग FM की और से अयोजिय रायसिंग युथ प्रोग्राम के तहत हरियाण ाा के युवाओं युवाओं से सीधे संवाद किया। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने सभी युवाओं से जीवन में एक सारथी रखने के लिए कहा जो उन्हें जीवन की चुनोतियों और कठिनाइयों से लड़ने में मदद कर सके। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि युवा वायु के समान है यदि मद्धम और शालीन रहेंगे तो बयार बनेंगे लेकिन अगर दिशाहीन गति से बहेंगे तो आंधी की तरह होकर सृजन की जगह विनास की दिशा में आगे बढ़ जायँगे।



# साप्ताहिक सूचना पत्र



माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि युवाओं को सही दिशा व मार्गदशन मिले और उनकी ऊर्जा का सदुपयोग हो तो वह राष्ट्र के चहुंमुखी विकास में कारगर साबित होगी। इसके लिए उन्हें सक्षम मार्गदर्शक का अनुसरण भी अतिआवश्यक है। इसके साथ ही माननीय मुख्यमंत्री जी ने सत्यनिष्ठा और त्याग की मूर्ति, अहिंसा के पुजारी महात्मा गांधी के बलिदान दिवस पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि उनका जीवन देश के युवाओं के लिए आदर्श रहेगा। उन्होंने कहा कि युवाओं को गुरू की आवष्यकता जीवन के हर मोड़ पर होती है। इसलिए युवाओं को विकट परिस्थितियों में सहयोग देने वाला गुरू धारण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवा स्कीलिंग में आगे बढे और अपना जीवन दूसरों के हितार्थ काम में लाएं तथा देश व समाज के लिए जीना सीखें।